पंजाब केसरी 12/12/2024

जी.एम.एन. कॉलेज में भव्य रूप से मनाई गीता जयंती

अम्बाला (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला कैंट के संस्कृत विभाग द्वारा हिंदी एवं मास कम्युनिकेशन विभाग के सहयोग से श्रीमद् भगवद् गीता विषय पर भव्य गीता जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को श्रीमद्भागवत गीता के महत्व, उसके संदेश और जीवन में उसकी प्रासंगिकता से अवगत कराना रहा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. राजेंद्रा, जो जी.एम.एन. कॉलेज की पूर्व प्राध्यापिका रह चुकी हैं, उन्होंने गीता के उपदेश विषय पर विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। उन्होंने अपने प्रेरक वक्तव्य में गीता के श्लोकों की सरल व्याख्या करते हुए बताया कि यह ग्रंथ न केवल धार्मिक संदर्भों में, बल्कि जीवन की चुनौतियों और समस्याओं के समाधान के लिए भी अत्यंत उपयोगी है। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अपने उद्बोधन में भारतीय संस्कृति और गीता की महिमा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गीता के श्लोकों का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के प्रो. डा. अनीश ने अत्यंत कुशलता से किया। संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डा. प्रियंका बल्दिया ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और ग्रंथों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं हिंदी विभागाध्यक्ष डा. रितु गुप्ता एवं जनसंचार विभाग की प्राध्यापिका सुषमा शर्मा एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करती मुख्य अतिथि प्रो. राजेंद्रा। (देवदत्त)